दिनांकः 01.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- **राज्य की 16वीं विधानसभा का चौथा सत्र आज से–कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश होने की संभावना।**

- **राज्य मंत्रिमंडल की कल हुई बैठक में कई अहम फैसले लिये गये– अवैध धर्मान्तरण के मामले रोकने के लिए राजस्थान विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक–2025 दोबारा लाया जायेगा।**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करेंगे।**

- **प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से लगभग सभी जिलों में बारिश का दौर जारी–आज सात जिलों में बारिश का ऑरेंज और 17 जिलों में येलो अलर्ट।**

0000

राज्य की 16वीं विधानसभा का चौथा सत्र आज से शुरू हो रहा है। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाने की संभावना है। सदन में पहले दिन विधानसभा के प्रमुख सचिव पिछले सत्र में पारित उन विधेयकों का विवरण मेज पर रखेंगे, जिन पर राज्यपाल की अनुमति मिल चुकी है। इसके अलावा चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय संशोधन अध्यादेश 2025 लायेंगे। वहीं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण और विनियमन विधेयक 2025 पर गठित प्रवर समिति के प्रतिवेदन का उपस्थापन करेंगे। आज सदन में पिछले दिनों दिवंगत हुई प्रमुख हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी और उनके निधन पर शोक प्रकट किया जायेगा। इनके अलावा पहलगाम हमले, अहमदाबाद की विमान दुर्घटना, उत्तराखण्ड में बादल फटने, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में बारिश और भूस्खलन के कारण हुए हादसों के मृतकों को भी श्रद्धांजलि दी जायेगी।

0000

राज्य में अवैध धर्मान्तरण के मामलों को रोकने के लिए विधानसभा में राजस्थान विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक–2025 दोबारा लाया जायेगा। कल जयपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक में ये निर्णय लिया गया। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पत्रकार वार्ता में बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी दी। श्री पटेल ने बताया कि प्रलोभन या कपटपूर्वक धर्मान्तरण के प्रयासों को रोकने के संबंध में अभी राज्य में कोई विशिष्ट कानून नहीं है, इसलिए राजस्थान विधिविरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक–2025 को पिछले सत्र में विधानसभा में लाया गया था। अब इस विधेयक को वापस लेकर इसमें और कठोर प्रावधान करते हुए नया प्रारूप विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंत्रिमण्डल की बैठक में इस विधेयक के नये प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इस विधेयक के कानून बनने के बाद कोई व्यक्ति या संस्था, किसी व्यक्ति पर कपटपूर्वक, बलपूर्वक या अनुचित प्रभाव का प्रयोग कर धर्म परिवर्तन नहीं करवा सकेंगे। अगर वे ऐसा करते है तो उन्हें कठोर दण्ड दिया जाएगा। अगर कोई व्यक्ति केवल विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन कराने के उद्देश्य से विवाह करता है, तो ऐसा विवाह मान्य नहीं होगा। अवैध धर्मान्तरण पर न्यूनतम 7 वर्ष और अधिकतम 14 वर्ष के कारावास तथा न्यूनतम 5 लाख रूपये का जुर्माना रखा गया है। विधेयक में अपराध की पुनरावृत्ति पर आजीवन कारावास तक सजा और न्यूनतम 50 लाख रूपये के जुर्माने का प्रावधान है।

......

बैठक में लिये गये अन्य फैसलों में सभी नगरीय निकायों में एक लाख के स्थान पर दो लाख स्ट्रीट लाईट्स लगाने, राजसेस महाविद्यालयों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती करने, नगरीय निकायों में सीवरेज सुधार के लिए सीवरेज एवं अपशिष्ट जल नीति 2016 में संशोधन करना शामिल है। प्रदेश में जल्दी ही पीएम सूर्य घर डेढ सौ यूनिट निशुल्क बिजली योजना लागू करने का फैसला भी लिया गया।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। श्री बिरला कैम्प कार्यालय में क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनेंगे। उनका सोगरिया में गणेश महोत्सव आरती मे भी शामिल होने का कार्यक्रम है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री अपने संबोधन में संगठन के तहत क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने के बारे में भारत का दृष्टिकोण सामने रखेंगे। पूर्ण सत्र में संबोधन के बाद प्रधानमंत्री मोदी का रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक का कार्यक्रम है। इससे पहले कल श्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक हुई। बातचीत मुख्य रूप से दोनो देशो के संबंध मजबूत करने पर केन्द्रित रही। श्री मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बहाल करने पर जोर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने चीन के राष्ट्रपति के समक्ष यह स्पष्ट कर दिया कि सीमा पर शांति दोनों देशों के संबंधों के लिए आवश्यक है।

श्री मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सीमा पार से आतंकवाद से निपटने की प्राथमिकता पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका असर भारत और चीन दोनों देशों पर पड़ता है। दोनों नेताओं का मानना था कि आपसी मतभेद विवादों में नहीं बदलने चाहिए।

0000

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद – जीडीपी की सात दशमलव आठ प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर ने साबित किया है कि देश की अर्थव्यवस्था का बेहतर प्रबंधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा कोई नहीं कर सकता। नई दिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा भवन में बिरसा मुंडा की प्रतिमा के अनावरण के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री रिजिजू ने कहा कि विश्व के शीर्ष अर्थशास्त्रियों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत की अर्थव्यवस्था को सर्वोत्तम ढंग से चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मेक इन इंडिया को बढावा देना होगा और स्वदेशी उत्पाद अपनाने होंगे।

0000000

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से लगभग सभी जिलों में बारिश का दौर बना हुआ है। राजधानी जयपुर में कल से रूक–रूक कर बरसात हो रही है। इससे विभिन्न स्थानों पर पानी भर गया है। कोटपूतली बहरोड़ में तेज बारिश और मौसम विभाग की ओर से अतिभारी वर्षा की चेतावनी के चलते आज सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों मे विद्यार्थियों का अवकाश घोषित किया गया है। चूरू के सुजानगढ में लगातार हो रही बारिश से लोगों के घरों में पानी घुस गया है इससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। प्रशासन ने पानी निकासी के इंतजाम किए है। उधर भरतपुर में लगातार दो दिन से बरसात हो रही है। करौली में गम्भीरी नदी में बहाव के चलते इन्दौर गंगापुर मार्ग पर कटकर की पुलिया पर यातायात बाधित हो रहा है। पाली के जवाई बांध सहित अन्य बांधों में भी चादर चल रही है। अजमेर, बालोतरा, सवाईमाधोपुर और बारां में रूक–रूक कर हो रही बरसात से जलाशयों में पानी की आवक बनी हुई है। भीलवाडा में बनास नदी में पानी की आवक बढ गई है। इसका पानी बीसलपुर बांध में पंहुच रहा है। हनुमानगढ से हमारे संवाददाता ने बताया कि घग्घर नदी में लगातार बढते पानी की आवक को देखते हुए प्रशासन सतर्क है।

-----

मौसम विभाग ने आज भीलवाडा, अजमेर, बूंदी नागौर, टोंक, सीकर पाली जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं जयपुर, जोधपुर सहित 17 जिलों के लिए येलो अलर्ट की चेतावनी है।

0000